देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 8 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 5 अप्रैल 2022

**विचार-प्रवाह...**चीन का दुष्प्रचार अभियान





मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 20.0°

39243.38

2 इमरान ने संविधान का गला घोंटा

7 धोनी के रहते क्यों हुई शर्मनाक हार

# न चैन से सोऊँगा और न अधिकारियों को चैन से सोने दूंगा

## कार्य प्रगति की प्रत्येक 15 दिन में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करें विभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रदेश में सड़क एवं पुलों के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कार्यों का निर्धारित समयवधि में पूरा करने के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यों की गुणवत्ता में कोई शिकायत आई तो, संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों पर सख्त कारवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित में अधिकारियों को कार्य संस्कृति एवं कार्य व्यवहार में सुधार लाना होगा। इसके लिए पूरा सिस्टम मजबूत किया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास को गति देने के लिए वे न तो स्वयं चौन की नींद सोयेंगे और न अधिकारियों को सोने देंगे।

### निदेश

- *प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की बैठक में अधूरी तैयारी पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि एक सप्ताह बाद पूरी तैयारी से बैठक में प्रतिभाग करें।*
- *निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों पर सख्त कारवाई की जायेगी।*
- *मुख्यमंत्री ने सचिवालय में की लोक निर्माण एवं संबंधित विभागों की समीक्षा।*



मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के जो कार्य अवशेष हैं, उन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक 15 दिन में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत की जाय। विभाग टारगेट का ग्राफ बनाकर लक्ष्य पूरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा मार्गों पर लैण्ड स्लाईड जोन के लिए 07 दिन में एक्शन प्लान बनाकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। लैण्ड स्लाईड जोन में पर्याप्त उपकरणों की व्यवस्था के साथ ही रिस्पांस टाइम कम से कम किया जाय। संवेदनशील लैण्ड स्लाईड जोन पर लोंगटर्म ट्रीटमेंट कर स्थाई समाधान निकाला जाय।

बैठक में केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव एस. ए. मुरूगेशन एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### एक सप्ताह बाद पूरी तैयारी के साथ आयेः सीएम

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान अधूरी तैयारी के साथ आने पर मुख्यमंत्री ने नारजगी व्यक्त की उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की बैठक बीच में ही स्थगित कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि एक सप्ताह बाद पूरी तैयारी के साथ आयें, और पिछले पांच सालों में जो कार्य हुए हैं और जो कार्य प्रगति पर है, उनकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाय। बैठक में जानकारी दी गई कि चारधाम परियोजना के तहत 889 किमी लम्बाई के 53 कार्यों में से 691 किमी के 41 कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। भारतमाला परियोजना के तहत सीमान्त क्षेत्रों के सामरिक दृष्टि से यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के लिए 628 किमी के 05 सड़क मार्गों का चयन किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी के मध्यस्थता वाले रुख की आस्ट्रेलिया ने की सराहना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की मध्यस्थता वाली भूमिका को लेकर आस्ट्रेलिया समेत कई देश पीएम मोदी की तारीफ कर रहे हैं। भारत में आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओश्फेरेल ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल की सराहना की है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि भारत मध्यस्थता करके दोनों देशों के बीच चल रही स्थिति को संभालेगा।

### नेपाल में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नेपाल में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा को सरकार ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें सोमवार को नए विदेश सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक वह हर्षवर्धन श्रृंगला की जगह लेंगे। हर्षवर्धन श्रृंगला इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट में फिर टली सुनवाई

## नेशनल असेंबली भंग मामले पर आज आ सकता है फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इमरान खान के खिलाफ नेशनल असेंबली में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किए जाने और खान की सिफारिश पर सदन भंग करने को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी दिए जाने के मामले पर सुनवाई को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया है। नेशनल असेंबली के डेप्युटी स्पीकर कासिम सूरी ने इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट की एक बड़ी बेंच ने स्वतः संज्ञान लिया है।

इस बेंच में पाकिस्तान के चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल, जस्टिस इजाजुल अहसान, जस्टिस मजहर आलम खान मियांखैल, जस्टिस मुनीब अख्तर और जस्टिस जमाल खान मंडोखैल शामिल हैं। इस केस में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और सभी राजनीतिक पार्टियों को प्रतिवादी बनाया गया है। डिप्टी स्पीकर के फैसले को लेकर सरकार और विपक्ष के वकीलों ने सोमवार को अपनी दलीलें पेश कीं।

**कोर्ट में खारिज विपक्ष की याचिकाः** डॉन अखबार की खबर के अनुसार, सुनवाई के दौरान अदालत ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और अन्य विपक्षी दलों की ओर से पेश वकील फारूक एच नाइक की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने मामले की सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ के गठन की मांग की थी। सीजेपी बंदियाल ने नाइक से पूछा कि क्या उन्हें पांच सदस्यीय पीठ में किसी न्यायाधीश पर आपत्ति है। इस पर नाइक ने कहा कि उन्हें पीठ के सभी न्यायाधीशों पर पूरा विश्वास है।

### इमरान खान की पहली पसंद आर गुलजार अहमद

न्यायाधीश बंदियाल ने कहा कि पूर्ण पीठ का गठन करने से अन्य मामलों की सुनवाई बाधित होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक हालात की वैधता पर एक सुसंगत आदेश पारित किया जाएगा। इसके बाद अदालत की सुनवाई को मंगलवार 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दूसरी ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के कार्यवाहक पीएम के रूप में पूर्व सीजेपी न्यायमूर्ति आर गुलजार अहमद का नाम प्रस्तावित किया है।

# तेल की कीमतों में बढ़ोतरी पर संग्राम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सोमवार से संसद के बजट सत्र का अंतिम सप्ताह शुरू हो गया है। महंगाई के मुद्दे पर आज भी हंगामे के आसार हैं। इस बीच राज्यसभा में टीएमसी के फ्लोर लीडर डेरेक ओ ब्रायन ने सोमवार को उच्च सदन में महिला आरक्षण विधेयक पेश करने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने का नोटिस दिया है। तेल की कीमतों में वृद्धि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के विरोध के बीच सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। कई विपक्षी सदस्यों ने मूल्य वृद्धि पर चर्चा करने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन सभापति एम वेंकैया नायडू ने मांग को स्वीकार नहीं किया।

दो स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही विपक्षी सदस्य पेट्रोल, डीजल, एलपीजी (कुकिंग गैस) की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर फिर से हंगामा करने लगे। इस बीच, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन सदन में महिलाओं के लिए आरक्षण के मुद्दे को उठाना चाहते थे। सभापति ने सदन में व्यवस्था बनाने की कोशिश करते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के कामकाज की चर्चा पर उत्तर देने के लिए श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव को बुलाया।

**बजट सत्र**

■उत्तराखंड में बाढ़–भूस्खलन की बढ़ सकती है घटनाएं

**विदेशी निवेश प्राप्त करने के मामले पर भारत पहले स्थान पर- वित्त मंत्रीः** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने लोकसभा को बताया कि विदेशी निवेश प्राप्त करने के मामले पर भारत पहले स्थान पर बना हुआ है। भारतीय खुदरा निवेशकों ने देश के शेयर बाजारों से विदेशी धन के बहिर्वाह के कारण झटके को सहने की क्षमता पैदा की है। भारतीय जनता पार्टी ने महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने के लिए अपने राज्यसभा सांसदों को 5 से 8 अप्रैल तक व्हिप जारी किया है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# घायल जवानों से मिलने पहुंचे सीएम योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनउ। गोरखनाथ मंदिर के सुरक्षा कर्मियों पर हमले में घायल जवानों से मिलने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। सूबे के मुखिया ने हमलावर अहमद मुर्तजा अब्बासी को दबोचने के दौरान घायल दोनों जवानों से मुलाकात की। उनके साहस और पराक्रम की सराहना की। आश्वस्त किया कि उनके इलाज की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। इस दौरान घायलों के परिजनों से मुलाकात भी की। उधर, हमलावर को बाइक से मंदिर छोड़ने वाले दो युवकों को एटीएस ने महराजगंज जिले से उठाया है। दोनों संदिग्ध बताए जा रहे हैं। पीएसी के इन आरक्षियों और नागरिक पुलिस के आरक्षी अनुराग राजपूत के लिए पांच लाख रुपये इनाम की घोषणा मुख्यमंत्री ने सोमवार दोपहर में ही कर दी थी।

### अहमद मुर्तजा को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

आरोपी हमलावर अहमद मुर्तुजा अब्बासी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। भारी सुरक्षा के बीच आरोपी अहमद मुर्तजा को एसीजेएम कोर्ट फर्स्ट दीपक कुमार के कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।